अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

24 NOV. 2023

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams


**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया**




- देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया है।
- उन्होंने कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में 23 नवंबर की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।
- 1989 में वे सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बनीं और 29 अप्रैल 1992 तक इस पद पर रहीं।
- रिटायरमेंट के बाद वे नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की सदस्य रहीं।बाद में उन्हें तमिलनाडु गवर्नर का पद भी मिला।
- राजीव गांधी हत्याकांड के चार दोषियों की दया याचिका को अस्वीकार करने के बाद उन्होंने गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था।

2. **दीप्ति बबता पंजाबी साहित्य के लिए धाहान पुरस्कार पाने वाली पहली महिला बनीं**



- मोहाली स्थित दीप्ति बबुता पंजाबी भाषा में कथा पुस्तकों के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक पुरस्कार, धाहान पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं।
- बबुता को उनके लघु कहानी संग्रह, 'भूख इओन साह लैंदी है' ('हंगर ब्रीथ्स लाइक दिस') के लिए पुरस्कार मिला।
- उन्हें सरे, ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा में आयोजित एक समारोह में $25,000 CAD का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी प्रदान की गई।

3. **डॉक्टर बनने के लिए अब 12वीं में बायोलॉजी की पढ़ाई जरूरी नहीं होगी**



- डॉक्टर बनने के लिए अब 12वीं में बायोलॉजी की पढ़ाई जरूरी नहीं होगी।
- जो बच्चे 11वीं और 12वीं में मैथमेटिक्स से पढ़ाई करेंगे, उन्हें भी भविष्य में मेडिकल कोर्स में एडमिशन लेने और डॉक्टर बनने का मौका मिलेगा।
- इसके लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल यानी NMC ने नई गाइडलाइंस जारी की हैं।




4. **लक्ष्मी रामकृष्ण श्रीनिवास को साउथ इंडियन बैंक के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया**

SOUTH INDIAN Bank
EXPERIENCE NEXT-GEN BANKING




- बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी लक्ष्मी रामकृष्ण श्रीनिवास को साउथ इंडियन बैंक के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.
- उन्हें 20 नवंबर, 2023 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.
- लक्ष्मी के पास बैंकिंग क्षेत्र में 38 साल का अनुभव है.
- इससे पहले वह भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य महाप्रबंधक थीं.

**5. आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए 'अग्नि' पहल**



- सीसीआरएएस एनसीआईएसएम (भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग) के परामर्श से शिक्षा और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए सूचित की गईं चिकित्सा पद्धतियों और चिकित्सा संबंधी आहारों का दस्तावेजीकरण और प्रकाशन करेगा।
- अग्नि का लक्ष्य आयुर्वेद चिकित्सकों को रोग से जुड़ी विभिन्न स्थितियों में उनके नवीन अभ्यासों (प्रथाओं) और अनुभवों की जानकारी देने के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- आयुर्वेद चिकित्सकों के बीच साक्ष्य-आधारित अभ्यास की जानकारियां देने की संस्कृति को बढ़ावा देना।

**6. गौतम गंभीर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने नए 'मेंटर' के रूप में नियुक्त किया**



- भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने नए 'मेंटर' के रूप में नियुक्त किया है.
- केकेआर के पूर्व कप्तान गंभीर मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ मिलकर काम करेंगे.
- गंभीर 2011 से 2017 तक केकेआर के सदस्य थे और उन्होंने टीम को 2012 और 2014 में खिताब भी दिलाया था.
- साथ ही उनकी टीम 2014 में चैंपियंस लीग T20 में उपविजेता भी रही थी.

**7. उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए हाल ही में 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' शुरू किया**




- उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए हाल ही में 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' शुरू किया है.
- इसके तहत गौतम बुद्ध नगर के 17 नगर निगमों के प्रवेश और निकास स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी का फैसला लिया है.
- इसके साथ-साथ शहर में सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, मदरसों और विश्वविद्यालयों में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी.

**8. हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शिमला में 'विद्या समीक्षा केंद्र' का उद्घाटन किया**




- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में 'विद्या समीक्षा केंद्र' (Vidhya Samiksha Kendra) का उद्घाटन किया, जो एक डेटा भंडार है जिसमें शिक्षा मंत्रालय (एमओई) द्वारा संचालित सभी योजनाओं का डेटा होगा.

- हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए एड-टेक कंपनी कॉन्वेजीनियस से हाथ मिलाया है.

**9. घोल फिश को गुजरात की स्टेट फिश घोषित किया**



- गुजरात सरकार ने घोल मछली को स्टेट फिश का दर्जा दिया है (Ghol Fish Gujarat State).
- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मछली की कीमत 5 लाख रुपये तक होती है.
- कीमत के अलावा कुछ विशेष गुणों के कारण ही घोल मछली को गुजरात की स्टेट फिश घोषित किया गया है.
- इस मछली का इस्तेमाल दवा और शराब बनाने के लिए किया जाता है.

10. **UAE ने दुनिया का सबसे बड़ा एकल साइट सौरऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया**



- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने एक ही जगह पर दुनिया के सबसे बडे सौर विद्युत संयंत्र का उद्घाटन किया है।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन – सीओपी 28 से पहले यह शुरूआत की गई है।
- दो गिगा वॉट क्षमता वाला अल दाफरा सोलर फोटोगोल्टिक बिजली परियोजना आबू धाबी से 35 किलोमीटर दूर है और इसके माध्यम से लगभग दो लाख घरों के लिए बिजली का उत्पादन किया जाएगा।
- आबू धाबू के उपशासक शेख हजा बिन अल नाहियान ने उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री शेख सेफ बिन जायद अल नाहियान की उपस्थति में इसका उद्घाटन किया।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज का निधन हो गया है।ये कौनसे वर्ष में जज बनी थी?**
   (a) 1988
   (b) 1989
   (c) 1992
   (d) 1999
2. **हाल ही में पंजाबी साहित्य के लिए धाहान पुरस्कार पाने वाली पहली महिला कौन बनीं हैं ?**
   (a) श्रद्धा दीक्षित
   (b) हेमा कुलश्रेष्ठ
   (c) दीप्ति बबता
   (d) इनमें से कोई नहीं
3. **डॉक्टर बनने के लिए 12 वी में बायोलॉजी पढ़ना जरूरी नहीं है।ये गाइडलाइंस जारी की गई है?**
   (a) NMC
   (b) CBSE
   (c) AICTE
   (d) UGC
4. **साउथ इंडियन बैंक के अतिरिक्त निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) श्रीनिवासन नारायण
   (b) लक्ष्मी रामकृष्ण श्रीनिवास
   (c) मेघा कपूर
   (d) अजय सिन्हा
5. **हाल ही में 'AGNI/अग्नि पहल' किसने प्रारंभ की है?**
   (a) केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद्
   (b) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान
   (c) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
   (d) भारत इलेक्ट्रिक लिमिटेड
6. **कोलकाता नाइट राइडर्स ने किसे अपने नए 'मेंटर' के रूप में नियुक्त किया है?**
   (a) राहुल द्रविड़
   (b) अजय जडेजा
   (c) युवराज सिंह
   (d) गौतम गंभीर
7. **महिलाओं की सुरक्षा के लिए किस राज्य ने हाल ही में 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' शुरू किया है?**
   (a) बिहार
   (b) मध्य प्रदेश
   (c) उत्तर प्रदेश
   (d) हरियाणा
8. **हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किस शहर में 'विद्या समीक्षा केंद्र' का उद्घाटन किया?**
   (a) शिमला
   (b) मनाली
   (c) धर्मशाला
   (d) सोलन
9. **हाल ही में घोल फिश को किस राज्य की स्टेट फिश घोषित किया गया है ?**
   (a) केरल
   (b) गुजरात
   (c) पश्चिम बंगाल
   (d) इनमें से कोई नहीं
10. **हाल ही में किस देश ने दुनिया का सबसे बड़ा एकल साइट सौरऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया ?**
   (a) Jordan
   (b) UAE
   (c) Oman
   (d) Saudi Arab

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (c) | (a) | (b) | (a) | (d) | (c) | (a) | (b) | (b) |